Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding standard of primary educaion.

श्री हरीश मीना (दौसा): अध्यक्ष महोदया, मोदी सरकार की एक फ्लैगशिप योजना है – 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'। इसका उद्देश्य है कि अगर हमारी बच्ची पढ़ी-लिखी है तो वह घर की शोभा है, घर की लक्ष्मी है। अगर वह बच्ची अनपढ़ रह गई तो घर पर बोझ बनती है। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र दौसा की बात बताना चाहता हूं, जहां माध्यमिक कन्या विद्यालय है, लेकिन वहां किसी भी स्कूल में पर्याप्त कमरे नहीं हैं। अगर वहां कमरे हैं तो अध्यापक नहीं हैं और अगर अध्यापक हैं तो विषय नहीं है।

मेरा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय माध्यमिक योजना (रमसा), सर्व शिक्षा अभियान के तहत, हमारे क्षेत्र में जो महिला विद्यालय हैं, उनमें पर्याप्त मात्रा में कमरे, कक्षा कक्ष और टीचर्स हों ताकि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना सफल हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

डॉ. कुलमणि सामल को श्री हरीश मीना द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।